an>

Title: Need to take measures to protect agriculture crops from wild animals in Dhar Parliamentary Constituency.

श्री छतर सिंह दरबार (धार): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र धार के अंतर्गत मालवा और नीमाड़ अंचल की नर्मदा पट्टी में ओंकारेश्वर डैम बनने के बाद इस पहाड़ी क्षेत्र के जंगली जानवर जैसे सुअर, नीलगाय आदि जो वहां रहते थे वो सब मालवा और नीमाड़ अंचल में आ गए हैं । ये जंगली जानवर इस पूरे क्षेत्र के किसानों की फसलों को पूरी तरह तहस-नहस करके भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि उपरोक्त जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को बचाने हेतु तत्काल कारगर कदम उठाए जाएं ।

माननीय सभापति: श्री दुष्यंत सिंह जी ।

... (व्यवधान)

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): सर, आपका संरक्षण चाहिए । ... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: This is not the point to be raised.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: आप अपनी बात रखिए । इनकी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी ।

... (व्यवधान)